**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 09.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **पश्चिम बंगाल में पहली बार बनी भाजपा की सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में शुभेंदु अधिकारी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ।**
2. **जेटेट भाषा विवाद सुलझाने के लिए राज्य सरकार ने बनाई 5 मंत्रियों की उच्च स्तरीय कमिटी; भोजपुरी, मगही और अंगिका पर जल्द होगा फैसला।**
3. **प्रदेश कांग्रेस में जारी अंदरूनी कलह शांत करने की कवायद तेज, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और पूर्व सांसद धीरज साहू ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से की लंबी चर्चा।**
4. **पेयजल आपूर्ति में लापरवाही पर एजेंसियों का टेंडर होगा रद्द; नगर विकास सचिव सुनील कुमार ने सभी निकायों को दिए निर्देश।**

**और**

5. **रांची समेत राज्य के 5 जिलों में आज ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट, कोडरमा के सतगावां में वज्रपात से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*******************

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आज शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में बांग्ला भाषा में शपथ ली। बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि ने शुभेंदु के अलावा 4 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पाल, अशोक कीर्तनिया और निषिथ प्रमाणिक के नाम शामिल हैं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और 20 राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे। शपथ के बाद शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

*******************

जेटेट परीक्षा में भोजपुरी, मगही और अंगिका जैसी भाषाओं को लेकर जारी विवाद के बीच राज्य सरकार ने विसंगतियों पर विचार करने के लिए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमिटी में कैबिनेट मंत्री संजय प्रसाद यादव, दीपिका पांडे सिंह, योगेंद्र प्रसाद और सुदिव्य कुमार को शामिल किया गया है।

*******************

झारखंड की राजनीति में गठबंधन के भीतर चल रही खींचतान के बीच विधायक सरयू राय के बयान ने सरगर्मी बढ़ा दी है। सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुझाव दिया है कि वे कांग्रेस माइनस सरकार बनाने पर विचार करें। उन्होंने तर्क दिया कि इससे सरकार की कार्यप्रणाली और छवि में सुधार हो सकता है।

हालांकि, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया है कि फिलहाल राज्य सरकार में किसी भी प्रकार के बदलाव की कोई आवश्यकता नहीं है। इस बीच कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और बाहरी सुझावों से सरकार की स्थिरता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

*******************

कानून व्यवस्था के सवाल पर विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए सत्ताधारी दल झामुमो ने स्पष्ट किया है कि हेमंत सरकार अपराधियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण नहीं देती है और कानून अपना काम पूरी सख्ती

से कर रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मिथिलेश ठाकुर ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान की सक्रियता पर कहा कि पुलिस और खुफिया एजेंसियां उसके नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी हैं और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

******************

झारखंड कांग्रेस में जारी अंदरूनी कलह को शांत करने की कवायद तेज हो गई है। पूर्व सांसद धीरज साहू और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कल रांची में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि वे पार्टी के कुछ फैसलों से आहत जरूर हैं, लेकिन संगठन के हित में 18 मई तक कोई सार्वजनिक बयान नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे अपनी बात पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू के समक्ष विस्तार से रखेंगे।

******************

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण आज देशभर में इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर रहा है आकाशवाणी समाचार से बातचीत में प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजीव पांडे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सहभागी और जन–केंद्रित तंत्रों के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण निपटारा करना और अदालतों पर बोझ कम करना है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज नई दिल्ली में भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय नेत्र विज्ञान अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिनों तक चलने वाले इस उच्च स्तरीय शैक्षणिक समागम में देश के लगभग 200 प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ और सैन्य क्षेत्र के डॉक्टर हिस्सा ले रहे हैं। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन आर्मी हॉस्पिटल और ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

******************

राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने सभी नगर निकायों को गर्मी के दौरान निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया है। एक ऑनलाइन समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि पानी की आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों को न केवल दंडित किया जाएगा, बल्कि उनका अनुबंध भी टर्मिनेट कर दिया जाएगा। बैठक में जलमीनारों की मरम्मत, होल्डिंग टैक्स वसूली और बस स्टैंडों के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। प्रधान सचिव ने शहरों में कचरा उठाव और साफ–सफाई की नियमित मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए सामुदायिक भवनों के निर्माण में तेजी लाने को कहा।

******************

लौहनगरी जमशेदपुर की सिदगोड़ा थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की तीन गाड़ियां बरामद की हैं। एएसपी ऋषभ त्रिवेदी ने बताया कि जांच में पता चला है कि यह गिरोह सुनसान जगहों पर गाड़ियों के पार्ट्स अलग कर उन्हें बेचने का धंधा करता था।

******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने का भाव एक लाख 40 हजार पांच सौ रूपये है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 64 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

कोडरमा के सतगावां में कल देर रात वज्रपात से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। लोहे की खिड़की के जरिए बिजली के कमरे के अंदर गिर जाने से यह हादसा हुआ। इधर, मौसम विभाग ने आज रांची, हजारीबाग और बोकारो समेत पांच जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**<u>*********समाप्त*********</u>**